inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

घर में बना रहा था नकली शराब, पुलिस ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब बनाने का सामान जप्त

कुश अग्रवाल/बलौदा बाजार: जिले के पलारी थाना पुलिस टीम ने ग्राम संडी के एक घर में छापेमारी कर नकली देशी एवम विदेशी शराब बनाने के अवैध कारोबार का भांडा फोड़ किया है।पुलिस ने शराब बनाते एक आरोपी को भी पकड़ा है।

बता दे की संदीप बंजारे नाम का आरोपी लंबे समय से अपने घर में नकली शराब बना कर क्षेत्र में खपा रहा था। सूचना पर पुलिस ने रेड मार कर आरोपी के पास से भारी मात्रा में नकली देशी एवम विदेशी शराब बनाने की सामग्री जब्त की गयी है।

कारवाई के दौरान आरोपी के घर से देशी मसाला शराब एवम अंग्रेजी गोवा ब्रांड शराब बनाने में प्रयुक्त स्प्रिट लगभग 50 लीटर नकली शराब का लेबल, ढक्कन, होलोग्राम, व करीब 3 बोरी खाली शीशी भी जप्त की गयी है। साथ ही उसका एक साथी फरार है जिसे पुलिस तलाश कर रही है।

जहरीले रसायन एवं यूरिया का प्रयोग

नकली शराब बनाने वाले लोग,केसे लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं यह उनके पास मिली सामग्री से पता चलता है। शराब बनाने के लिए करीब 5 लीटर केमिकल से मिलाया हुआ गाढ़ा कत्था रंग एवं 3 किलो यूरिया भी जप्त की गई। जो सेहत के लिए खतरनाक है।

Source: https://www.inhnews.in/news/he-was-making-fake-liquor-at-home-police-arrested-him-red-handed-huge-amount-of-liquor-making-material-was-confiscated